RAJ KUMAR MAURYA
राज कुमार मौर्य
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग
श्री गदाधर आचार्य जनता कालेज,
रामबाग, बिहटा, पटना
B.A. I Year (H) Paper - II

विषय - रूसी संघ की संघीय न्यायपालिका (Federal Judiciary of Russian Federation)

रूस के संविधान के 7वें अध्याय में न्यायपालिका का वर्णन है। रूस में केन्द्रीय या सर्वोच्च स्तर पर तीन प्रकार के न्यायालय हैं

1> संवैधानिक न्यायालय
2> उच्चतम न्यायालय
3> मध्यस्थता का उच्चतम न्यायालय

1> संवैधानिक न्यायालय (Constitutional Court)

इस न्यायालय के द्वारा जो निर्णय दिये जाते है वे सर्वोच्च होते है, और इनके खिलाफ कहीं भी

Scanned with CamScanner

अपील नही की जा सकती है। इस न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय रूस के सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सगठनों, उद्यमों, इकाइयों एवं सरकारी विभागों पर लागू होते हैं। इस संवैधानिक कोर्ट में 19 न्यायाधीश होते है इस न्यायालय में दो सदन होते है जिसमें से एक सदन में 10 तथा दूसरे सदन में 9 जज होते है।

इन न्यायाधीशों को 12 साल के लिए नियुक्त किया जाता है, किन्तु एक बार इस न्यायालय में न्यायाधीश बनने के पश्चात दूसरी बाद इस न्यायालय में न्यायाधीश नहीं बना जा सकता है। इस न्यायालय किसी भी संस्था के सदस्य नही रह सकते है। इन न्यायधीशों को संघीय परिषद के अध्यक्ष पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाते हैं।

संवैधानिक न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, उपसभापति एवं सचिव न्यायाधीश का निर्वाचन तीन वर्ष के लिए

Scanned with CamScanner

होता है, इनका पुनः निर्वाचन भी किया जा सकता है।

इस न्यायालय के द्वारा निम्नलिखित कार्य किए जाते हैं।

- यह न्यायालय, राष्ट्रपति, सरकार के आदेशों एवं संघीय सभा द्वारा बनाए गए कानूनों पर विचार करता है।

- रूसी गणराज्य के द्वारा किए गए उन अन्तर्राष्ट्रीय समझौतों/कानूनों पर विचार करना जो अभी लागू नहीं किए गए हों।

- यह न्यायालय रूसी संघ के विभागों और इकाईयों के विभागों के मध्य होने वाले समझौते व रूसी संघ के विभिन्न इकाईयों के मध्य होने वाले समझौतों पर विचार करता है।

- ~~राष्ट्रपति~~ यह न्यायपालिका केन्द्र व इकाइयों के लिए बनाए गए संयुक्त विषयों पर निर्णय देता है।

- यह रूसी संघ व इकाईयों तथा इकाइयों के मध्य होने वाले विवादों पर निर्णय देता है।

- यह न्यायालय नागरिकों के अधिकार एवं स्वतन्त्रता से सम्बन्धित मामलों पर निर्णय देता है।

Scanned with CamScanner

- संवैधानिक न्यायालय संविधान की व्याख्या का भी कार्य करता है।
- यह न्यायालय राष्ट्रपति के विरुद्ध लाए गए महाभियोग प्रस्ताव पर विचार करता है।

उच्चतम न्यायालय/Supreme Court

यह न्यायालय रूस का सर्वोच्च सिविल, फौजदारी, प्रशासनिक न्यायालय है। इस न्यायालय के अन्तर्गत रूस के उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय तथा त्रि-स्तरीय सैन्य न्यायालय आते हैं। इस न्यायालय के न्यायधीशों का चयन भी संवैधानिक न्यायालयों की भाँति किया जाता है। इस न्यायालय के न्यायधीशों को संघीय परिषद की अनुमति के बिना पदमुक्त नहीं किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner

यह न्यायालय तीन इकाइयों से मिलकर बनता है



- यह न्यायालय अपने अधीन न्यायालय जैसे → सामान्य और सैन्य न्यायालय को निर्देशित करता है।
- उच्चतम न्यायालय उच्च न्यायालयों के द्वारा निर्णयों के खिलाफ अपीलों की सुनवाई करता है।
- यह अपने अधीनस्थ न्यायालयों के कार्यों की व्याख्या भी कर सकता है।
- उच्चतम न्यायालय ड्यूमा को कानून बनाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव भेज सकता है।
- यह रूसी न्याय विभाग पर भी नियन्त्रण रखता है।

मध्यस्थता का उच्चतम न्यायालय

इस न्यायालय की स्थापना आर्थिक विवादों के निपटारे के लिए किया गया है। इस न्यायालय के न्यायधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा की जाती है।

Scanned with CamScanner

यह न्यायालय तीन स्तरों पर विभाजित होता है

मध्यस्थता का उच्चतम न्यायालय

- पूर्ण सभा
- सभापति मण्डल
- न्यायाधीशों का समूह

- यह न्यायालय आर्थिक मामलों से सम्बन्धित कानूनों की जाँच, व्याख्या ~~और~~ करता है तथा उनकी वैधता का परीक्षण करता है।
- यह अधीनस्थ न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णयों के खिलाफ अपीलों की सुनवाई करता है।
- यह आर्थिक मामलों से सम्बन्धित कानूनों का प्रस्ताव ड्यूमा को भेजता है।

इन तीनों प्रकार के न्यायालयों की व्यवस्था 1993 के रूसी संविधान के अन्तर्गत की गयी है।

Scanned with CamScanner